संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–चौथासंसार–पृष्ठ 04..दिनांक..03/02/...2021

# रतलाम के लिए मुख्यमंत्री का आगमन अतिमहत्वपूर्ण–काश्यप

## दौरे की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



**रतलाम,** (निप्र)। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 4 फरवरी को प्रदेश में फिर भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार रतलाम आ रहे है। उनका यह कार्यक्रम सिर्फ 100 हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराने का नहीं है। इस दौरान वे आगामी 5 साल में रतलाम को नगर से महानगर बनाने की क्या योजना है‍ युवाओं का भविष्य क्या होगा‍ नगर में उद्योग व्यवसाय और सुविधाओं के क्या अवसर होंगे‍ इन सभी विषयों पर विचार रखेंगे। भाजपा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री श्री चौहान का चौथी बार पद संभालने के बाद प्रथम आगमन पर अधिक से अधिक उत्साह से स्वागत करें। यह बात विधायक चेतन्य काश्यप ने कही।

विधायक जनसम्पर्क कार्यालय में मुख्यमंत्री श्री चौहान के दौरे की तैयारियों को लेकर आयोजित वार्ड स्तर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में श्री काश्यप ने 4 फरवरी के कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्री चौहान दोपहर 12 बजे बाद बंजली हवाई पट्टी पर उतरेंगे। इसके बाद पलसोड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और फिर मेडिकल कॉलेज होते हुए सैलाना रोड से पावर हाऊस रोडए दो बत्ती चौराहा होकर श्री कालिका माता मंदिर जाएंगे। माताजी के दर्शन पश्चात मित्र निवास रोडए फव्वारा चौक होते हुए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुँचेंगे और वहां विभिन्न विभागों द्वारा रतलाम के विकास के लिए 5 सालों में होने वाले कार्यों की कार्ययोजना का प्रेजेंटेशन देखेंगे। दोपहर 1॰30 बजे के करीब श्री चौहान डोसीगांव पहुंचेंगए जहां जनसभा का मुख्य कार्यक्रम होगा। यहां श्री चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों में 101 परिवारों का गृह प्रवेश कराएंगे।

श्री काश्यप ने कहा कि बीते 5.7 सालों में रतलाम विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हुआ है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के आगमन पर गृह प्रवेश कार्यक्रम के माध्यम से झुग्गी मुक्त रतलाम की कल्पना को साकार करने की शुरुआत होगी। शहर में 450 परिवारों के लिए अफोर्डेबल हाऊस बने हैए जिनमें से 140 परिवारों के लोन स्वीकृत होकर मार्जिन मनी जमा की जा चुकी है। प्रति हितग्राही चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने मार्जिन मनी के 10 हजार रूपए जमा कराए गए है। एक हितग्राही को 8 लाख का मकान 2 लाख में ही मिलेगा। इसमें भी बैंक से लोन हो रहा है और हितग्राही को मार्जिन मनी के 10 हजार रूपए जमा करने पर आवास सुविधा मिल रही है। श्री काश्यप ने शहर के विकास के लिए 5 साल के रोड मेप में शामिल होने वाले प्रस्तावों पर भी प्रकाश डाला।

बैठक को ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने भी सम्बोधित कर मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा द्वारा नगरीय निकाय चुनाव संचालन समिति में पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा को सदस्य मनोनीत किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। श्री डागा ने निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से तैयार रहने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल ने किया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य बजरंग पुरोहितए पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्यए जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्यायए पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागाए पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवालए पूर्व नेता पक्ष प्रेम उपाध्यायए मण्डल अध्यक्ष निलेश गांधीए करण धीर्य बड़गोत्याए मयुर पुरोहितए कृष्ण कुमार सोनी व आदित्य डागाए झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की प्रदेश सहसंयोजिका अनिता कटारिया सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

**100 से अधिक स्थानों पर होगा स्वागत-**बैठक में मण्डल अध्यक्षों ने अपने अपने मण्डलों से मुख्यमंत्री श्री चौहान के दौरे के लिए की गई तैयारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज से रतलाम शहर क्रमण के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान का चौथी बार पद संभालने के बाद प्रथम आगमन पर 100 से अधिक स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। मण्डल अध्यक्षों ने स्वागत के लिए किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

**मेडिकल कॉलेज की सौगात देने पर काश्यप का अभिनंदन-**कोरोना काल में रतलाम मेडिकल कॉलेज से हर प्रकार की उपचार सुविधा की सौगात मिलने पर भाजपा मण्डल अध्यक्षों ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनन्दन किया। जिला महामंत्री श्री पोरवाल ने कहा कि रतलाम के मेडिकल कॉलेज से शहर ही नहीं मंदसौर और नीमच सहित अन्य जिलों के रोगियों को भी उपचार की बेहतर सुविधा मिली है। चौथासंसार



पत्रिका

**शहर स्वच्छ तो हम स्वस्थ**

## बदल रहा मेरा शहर...स्वच्छता में भरेंगे उड़ान

**स्थानः** पावर हाउस रोड

**वॉल पेंटिंग क्याः** स्वच्छता संदे... पक्षियों के चित्र

**संदेशः आसमानी ऊंचाई को...**

# गंदगी करने पर 26 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यत्र-तत्र डालकर नगर को गंदा करते है, ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही सी सी टी वी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले मे कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है, ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सी सी टी वी कैमरों से सत निगरानी रखी जा रही है, इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार महू रोड बस स्टैण्ड पर गंदगी करने पर केजरीवाल, मनीष पर 250-250, हेमन्त 200, शाहरूख, विक्रम, दशरथ, देवनारायण, पूरन अरोरा, जितेन्द्र पर 100-100, मोहन, जितेन्द्र, जफर, अरविन्द, रघुनाथ सिंह, रवि पानी पतासा वाला, जितेन्द्र, गुड्डु सिंह, अंकित परमार, मुकेश, कुमार, कुमार सेन, जीतू, गोलू, देवचन्द व प्रदीप पर 50-50 रूपए का स्पॉट फाईन किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किए जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# गंदगी फैलाने वाले 22 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार महू रोड बस स्टैंड पर गंदगी करने वाले हितेंद्र पर 1000, नरेंद्र पर 500, श्रीलाल पर 250, लक्ष्मण पर 200, शेख, राजू, अशोक, भेरूसिंह, बृजराज, कल्याण पर 100-100, चंद्रप्रकाश, भेरूलाल, अशोक, मदनसिंह, विनोद, भुरालाल, शत्रुघ्न, तुलसी, हेमंत पटेल, जमना, अशोक, महेंद्र कुमार पर 50-50 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि द्वारा की गई।

# गंदगी करने पर 22 व्यक्तियों पर जुर्माना


रतलाम | सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने 22 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया।

इनमें महू रोड बस स्टैंड के हितेंद्र पर 1000 रुपए, नरेंद्र पर 500 रुपए, श्रीलाल पर 250 रुपए, लक्ष्मण पर 200 रुपए, शेख, राजू, अशोक, भेरूसिंह, बृजराज, कल्याण पर 100 रुपए तथा चंद्रप्रकाश, भेरूलाल, अशोक, मदनसिंह, विनोद, भुरालाल, शत्रुघ्न, तुलसी, हेमन्त पटेल, जमना, अशोक, महेंद्र कुमार पर 50 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया।

# 103 दिनों में ठीक किए 138 वॉल्व व 695 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जलप्रदाय विभाग ने 103 दिनों में 138 वॉल्व व 695 पाइप लाइन लीकेज ठीक किए हैं। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज समस्या अपलोड कर तत्काल निराकरण करवा रहे हैं। मंगलवार को सिद्धांचलम कॉलोनी, राम मंदिर के बाहर, ओसवाल नगर, राजेंद्र नगर, पटवारी कॉलोनी, मॉर्निंग स्टार स्कूल के पास व अलकापुरी हनुमान मंदिर के पास पाइप लाइन लीकेज और गोशाला रोड पर दो वॉल्व ठीक किए गए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका पृष्ठ 07 दिनांक 03/02/2021




फोटो: स्वदेश शर्मा

पत्रिका

शहर स्वच्छ तो हम स्वस्थ

## बदल रहा मेरा शहर...स्वच्छता में आएंगे अव्वल

**स्थान:** सैलाना रोड ओवर ब्रिज

**वॉल पेंटिंग क्या:** स्वच्छता संदेश और तेजी से दौड़ते घोड़े

**संदेश: स्वच्छता में हम भी तेज दौड़े...**

# छह लाख हाथ बनाएगें रतलाम को स्वच्छ और सुंदर

दैनिक अवंतिका ● रतलाम

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने और स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने के तमाम प्रयास नगर निगम प्रशासन निरन्तर करता आ रहा है। अब इसमें नागरिकों की भी भागीदारी बढ़ी है, मगर इस भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाने की जरुरत है। रतलाम में बसने वाले करीब तीन लाख लोगों के छह लाख हाथ जब स्वच्छता के लिए उठेंगे तो शहर देश में एक अलग मुकाम हासिल कर लेगा।

उक्त विचार नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अलकापुरी बगीचे में आयोजित रतलाम स्वच्छता अभियान समिति द्वारा स्वच्छ एवं निरोग अभियान को मिशन के रूप में चलाए गए शिविर के समापन अवसर । व्यक्त किए।

आयुक्त श्री झारिया ने कहां कि शहरवासियों को संकल्प लेना होगा कि हम अपने घर और दुकानों के कचरे को सडक, नाले व नालियों में नही फेंकेगे। अपने कचरे का निपटान कचरा गाडियों में ही करेंगे। उन्होंने कहां कि कई बार शिकायते रहती है कि वार्डों में कचरा गाडिया देरी से आती है या एक दिन छोडकर आती है, ऐसी शिकायतों के दर्ज करने के लिए एक कंट्रोल रुम तैनात किया जाकर दूरभाष रखा जाएगा जिस पर नागरिक अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए अपनी समस्या का हल करवा सकते हैं।

श्री झारिया ने कहां कि शहर की स्वच्छता और सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए अब नागरिकों को पुरजोर तरीके से सहयोग करना होगा ताकि हमारे रतलाम शहर का नाम देश में नम्बर-1 के मुकाम पर पहुच सके। इस मौके पर श्री झारिया ने कहा कि अनोखीलाल कटारियाजी ने कोरोना जैसी महामारी में नि:शुल्क दवा देने के लिए शिविर लगाकर लोगों को सेहत के साथ ही स्वच्छता के लिए जागरूक करने के बेहत्तर काम किया है।

इसके लिए ये बधाई के पात्र है। इस मौके पर स्वच्छता अभियान समिति के अध्यक्ष अनोखीलाल कटारिया ने कहां कि वे शहर की स्वच्छता और सुंदरता को लेकर विगत वर्षो से सक्रिय है और आगे भी नगर निगम के प्रयासों में हम सहभागिता निभाने के लिए तत्पर है। हमारा शहर स्वच्छ रहे और यहां के नागरिक स्वस्थ्य रहे ऐसे प्रयास समिति हमेशा तत्पर और तैयार है। यहां सफाई मित्र समूह के सदस्यों द्वारा तैयार की गई रांगोली के निकट सभी ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की भी शपथ ली।

अवन्तिका

# स्वच्छता और जल संरक्षण आज की महती जरूरत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

भास्कर

विश्व वेटलैंड (झील) दिवस पर मंगलवार को अमृत सागर उद्यान में हुए कार्यक्रम में समाजसेवियों ने स्वच्छता और जल संरक्षण की आवश्यकता बताते हुए शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के मार्गदशन में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वच्छता अभियान समिति अध्यक्ष अनोखीलाल कटारिया, विशिष्ट अतिथि समाज सेवी ओपी मिश्रा, सेवानिवृत्त प्राचार्य कांतीलाल मेहता, समाजसेवी राधावल्लभ खंडेलवाल, खुशालसिंह पुरोहित थे। विनोद मेहता, सुरेंद्र सुरेखा, राजेंद्र पोरवाल, विनोद राठौर, इक्का बैलूत, अनिल कटारिया, मदन शर्मा, सहायक यंत्री अरविन्द दसोत्तर, अनिल पारा उद्यान पर्यवेक्षक आदि उपस्थित रहे। संचालन शैलेंद्र गोठवाल ने किया।

# मुख्यमंत्री का नगरागमन पर 100 से अधिक स्थानों पर स्वागत होगा

## वार्डस्तर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 4 फरवरी को प्रदेश में फिर भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार रतलाम आ रहे हैं। उनका यह कार्यक्रम सिर्फ 100 हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराने का नहीं है। इस दौरान वे आगामी 5 साल में रतलाम को नगर से महानगर बनाने की क्या योजना है? युवाओं का भविष्य क्या होगा? नगर में उद्योग व्यवसाय और सुविधाओं के क्या अवसर होंगे? इन सभी विषयों पर विचार रखेंगे।



विधायक जनसंपर्क कार्यालय में मुख्यमंत्री श्री चौहान के दौरे की तैयारियों को लेकर आयोजित वार्ड स्तर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप ने कही। उन्होंने बताया कि श्री चौहान दोपहर 12 बजे बाद बंजली हवाई पट्टी पर उतरेंगे। इसके बाद पलसोड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और फिर मेडिकल कॉलेज होते हुए सैलाना रोड से पावर हाऊस रोड, दो बत्ती चौराहा होकर श्री कालिका माता मंदिर जाएंगे। माताजी के दर्शन पश्चात मित्र निवास रोड, फव्वारा चौक होते हुए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचेंगे और वहां विभिन्न विभागों द्वारा रतलाम के विकास के लिए 5 सालों में होने वाले कार्यों की कार्ययोजना का प्रेजेंटेशन देखेंगे। दोपहर 1.30 बजे के करीब श्री चौहान डोसीगांव पहुंचेंगे, जहां जनसभा का मुख्य कार्यक्रम होगा। वहां श्री चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों में 101 परिवारों का गृह प्रवेश कराएंगे। उनके द्वारा इस दौरान किसी सामान्य परिवार में भोजन किए जाने का कार्यक्रम भी रहेगा।

बैठक को ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने भी सम्बोधित कर मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा द्वारा नगरीय निकाय चुनाव संचालन समिति में पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा को सदस्य मनोनीत किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। संचालन जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल ने किया।

### रतलाम विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर

श्री काश्यप ने कहा कि बीते 5-7 सालों में रतलाम विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हुआ है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के आगमन पर गृहप्रवेश कार्यक्रम के माध्यम से झुग्गी मुक्त रतलाम की कल्पना को साकार करने की शुरूआत होगी। शहर में 450 परिवारों के लिए अफोर्डेबल हाऊस बने हैं, जिनमें से 140 परिवारों के लोन स्वीकृत होकर मार्जिन मनी जमा की जा चुकी है। प्रति हितग्राही चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने मार्जिन मनी के 10 हजार रुपए जमा कराए गए है। एक हितग्राही को 8 लाख का मकान 2 लाख में ही मिलेगा। इसमें भी बैंक से लोन हो रहा है और हितग्राही को मार्जिन मनी के 10 हजार रुपए जमा करने पर आवास सुविधा मिल रही है। श्री काश्यप ने शहर के विकास के लिए 5 साल के रोड मेप में शामिल होने वाले प्रस्तावों पर भी प्रकाश डाला।

### चौथी बार पद संभालने के बाद प्रथम आगमन पर

बैठक में मंडल अध्यक्षगण ने अपने-अपने मंडलों से मुख्यमंत्री श्री चौहान के दौरे के लिए की गई तैयारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज से रतलाम शहर भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान का चौथी बार पद संभालने के बाद प्रथम आगमन पर 100 से अधिक स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। मण्डल अध्यक्षगण ने स्वागत के लिए किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

### मेडिकल कॉलेज की सौगात देने पर काश्यप का अभिनंदन

कोरोना काल में रतलाम मेडिकल कॉलेज में हर प्रकार की उपचार सुविधा की सौगात मिलने पर भाजपा मण्डल अध्यक्षगण ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनन्दन किया।

### सनातन ध्वज यात्रा को सफल बनाएं

बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप ने कार्यकर्ताओं से 4 फरवरी को मुख्यमंत्री श्री चौहान के दौरे को सफल बनाने के साथ-साथ 5 फरवरी को 12 ज्योतिर्लिंग की 12 हजार किलोमीटर पदयात्रा पूर्ण कर रतलाम आ रहे श्री श्री 1008 श्री नर्मदानन्द बापजी के सानिध्य में निकलने वाली सनातन ध्वज यात्रा को भी सफल बनाने का आह्वान किया।



संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 02 दिनांक 03/02/2021

दैनिक भास्कर, बुधवार, 03 फरवरी, 2021

**मिनी मेट्रो-सी शक्ल लेगा हमारा रतलाम** • भू-अर्जन के 50 लाख रुपए भी मिले, कल मुख्यमंत्री करेंगे भूमिपूजन

# नंदलई फंटे से मांगरोल तक 20.57 किमी बनेगा रिंग रोड, इसी महीने निकलेंगे टेंडर, तीन माह में बनने लगेगा

**साढ़े चार साल से टल रहा था प्रोजेक्ट, टेंडर के बाद काम की होगी शुरुआत**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

साढ़े चार साल से टल रहा शहर का 20.57 किमी लंबा पश्चिम रिंग रोड तीन माह में जमीन पर उतर जाएगा। मेडिकल कॉलेज के आगे नंदलई फंटे से सालाखेड़ी मांगरोल तक (तितरी के पास झाबुआ फोरलेन से जुड़कर) बनने वाले रिंग रोड से आसपास के 10 गांवों को सीधे शहर से कनेक्टिविटी मिल जाएगी।

बड़ी अड़चन भूमि अधिग्रहण की थी। 65 किसानों को लगभग 7 करोड़ का मुआवजा बंटना शेष है। कुछ जमीन का पहले अधिग्रहण हो चुका, बाकी के लिए 50 लाख रुपए मिल गए हैं। पीडब्ल्यूडी ने भी एस्टीमेट रिवाइज बना लिया है। सब कुछ ठीक रहा तो फरवरी मध्य तक टेंडर निकल जाएंगे, मार्च में तकनीकी और रेट खुलने के बाद मई में रोड के लिए अर्थवर्क होने लगेगा। प्रोजेक्ट में तेजी इसलिए आई है क्योंकि 4 फरवरी को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इसका भूमिपूजन करेंगे।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **65** किसानों को लगभग 7 करोड़ का मुआवजा बंटेगा | **10** गांवों को शहर से सीधे कनेक्टिविटी मिलेगी | **50** लाख रु. भूमि अधिग्रहण के लिए प्राप्त हुए | **26** करोड़ 2015 में प्रोजेक्ट के लिए घोषित किए थे | **18.28** करोड़ रुपए की लागत छह साल में बढ़ी |

## योजना को ऐसे समझिए : शहर के रिंग रोड की चौड़ाई होगी 7 मीटर

- मास्टर प्लान में प्रस्तावित रिंग रोड में से अभी सालाखेड़ी से सेजावता फंटे तक 9 किमी का फोरलेन (महू-नीमच फोरलेन का हिस्सा) बना हुआ है।
- इसके आगे सेजावता फंटे से बंजली तक 4.6 किमी का टू लेन बंजली बायपास टू लेन बना हुआ है।
- बंजली के पास नंदलई फंटे से सालाखेड़ी मांगरोल तक 20.57 किमी टू लेन बनते ही रिंगरोड पूरा हो जाएगा।



## रिंग रोड प्रोजेक्ट

- लंबाई - 20.57 किमी
- कहां से कहां तक - सैलाना रोड नंदलई फंटे से सालाखेड़ी मांगरोल तक
- खर्च - 43.28 करोड़
- चौड़ाई - 7 मीटर (टू लेन, डामरीकरण)
- साइडिंग शोल्डर - 2 मीटर के
- इन गांवों से गुजरेगा - नंदलई, जुलवानिया, बिबड़ौद, खेतलपुर, सागोद, हरथली, मथुरी, तीतरी, करमदी होकर सालाखेड़ी मांगरोल

## रिंग रोड : अब तक का सफर

- सितंबर 2015 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 26 करोड़ रुपए से रिंग रोड बनाने की घोषणा की।
- 2016 में 44 करोड़ से 19 किमी का रिंग रोड बनाने की योजना बनी। इसमें मुआवजे के 22 करोड़ रुपए बांटना पड़ते। मुआवजा राशि ज्यादा होने से सरकार ने प्रस्ताव नकार दिया।
- 2017 में नई योजना बनाई, इससे रोड की लंबाई 24 किमी हो गई। इसमें लागत 33 करोड़, मुआवजा 5 करोड़ था।
- अगस्त 2017, लागत कम करने सीसी की जगह डामर का रोड बनाने का फैसला करके नई डीपीआर बनाई।
- 2018 में पहला टेंडर निकला, इंदौर की एकमात्र कंपनी ने ऑफर दिया, 5 सितंबर 2018 को वर्क ऑर्डर हुआ लेकिन मुआवजा नहीं बंटने से काम शुरू नहीं हो पाया। 18 महीने की डेडलाइन बीतने पर ठेकेदार ने रिंग रोड बनाने से मना कर दिया।

**यह सुविधा मिलेगी**

- पश्चिम रिंग रोड बनने से शहर का दायरा सागोद रोड, जुलवानिया रोड, नंदलई फंटे तक बढ़ जाएगा, विकास कार्य भी होने लगेंगे।
- झाबुआ से आकर मंदसौर जाने वाले भारी वाहन सीधे गुजर सकेंगे।
- 15 से ज्यादा गांवों को कनेक्टिविटी मिलेगी, इनमें 10 तो रिंग रोड सीधे, जबकि कुछ अन्य मार्ग से जुड़ेंगे।
- किसानों को उपज, सब्जी, दूध सहित अन्य सामान शहर तक लाने में आसानी होगी।

*सब कुछ ठीक रहा तो मई तक रिंग रोड का काम शुरू हो जाएगा। गुरुवार को मुख्यमंत्री इसका भूमिपूजन करेंगे। अब इसमें कोई अड़चन नहीं है।*
**चेतन्य काश्यप,** विधायक

*रिंग रोड के 10 से 15 दिन में टेंडर कॉल हो जाएंगे। 43 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मुआवजे के 50 लाख प्रशासन को मिल गए हैं।*
**पीके राय,** प्रभारी एसडीओ पीडब्ल्यूडी

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–अवन्तिका–पृष्ठ 05....दिनांक 03/02/...2021

# रतलाम के लिए मुख्यमंत्री का आगमन अतिमहत्वपूर्ण–काश्यप

## दौरे की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

**दैनिक अवंतिका ● रतलाम**

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 4 फरवरी को प्रदेश में फिर भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार रतलाम आ रहे है। उनका यह कार्यक्रम सिर्फ 100 हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराने का नहीं है। इस दौरान वे आगामी 5 साल में रतलाम को नगर से महानगर बनाने की क्या योजना है? युवाओं का भविष्य क्या होगा? नगर में उद्योग व्यवसाय और सुविधाओं के क्या अवसर होंगे? इन सभी विषयों पर विचार रखेंगे। भाजपा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री श्री चौहान का चौथी बार पद संभालने के बाद प्रथम आगमन पर अधिक से अधिक उत्साह से स्वागत करें। यह बात विधायक काश्यप ने कही।

विधायक जनसम्पर्क कार्यालय में मुख्यमंत्री श्री चौहान के दौरे की तैयारियों को लेकर आयोजित वार्ड स्तर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में श्री काश्यप ने 4 फरवरी के कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्री चौहान दोपहर 12 बजे बाद बंजली हवाई पट्टी पर उतरेंगे। इसके बाद पलसोड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और फिर मेडिकल कॉलेज होते हुए सैलाना रोड से पावर हाऊस रोड, दो बत्ती चौराहा होकर श्री कालिका माता मंदिर जाएंगे। माताजी के दर्शन पश्चात मित्र निवास रोड, फव्वारा चौक होते हुए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचेंगे और वहां विभिन्न विभागों द्वारा रतलाम के विकास के लिए 5 सालों में होने वाले कार्यों की कार्ययोजना का प्रेजेंटेशन देखेंगे। दोपहर 1.30 बजे के करीब श्री चौहान डोसीगांव पहुंचेंगे, जहां जनसभा का मुख्य कार्यक्रम होगा। यहां श्री चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों में 101 परिवारों का गृह प्रवेश कराएंगे। उनके द्वारा इस दौरान किसी सामान्य परिवार में भोजन किए जाने का कार्यक्रम भी रहेगा।

श्री काश्यप ने कहा कि बीते 5-7 सालों में रतलाम विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हुआ है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के आगमन पर गृह प्रवेश कार्यक्रम के माध्यम से झुग्गी मुक्त रतलाम की कल्पना को साकार करने की शुरूआत होगी। शहर में 450 परिवारों के लिए अफोर्डेबल हाउस बने है, जिनमें से 140 परिवारों के लोन स्वीकृत होकर मार्जिन मनी जमा की जा चुकी है। प्रति हितग्राही चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने मार्जिन मनी के 10 हजार रूपए जमा कराए गए है। एक हितग्राही को 8 लाख का मकान 2 लाख में ही मिलेगा। इसमें भी बैंक से लोन हो रहा है और हितग्राही को मार्जिन मनी के 10 हजार रूपए जमा करने पर आवास सुविधा मिल रही है। श्री काश्यप ने शहर के विकास के लिए 5 साल के रोड मेप में शामिल होने वाले प्रस्तावों पर भी प्रकाश डाला।

बैठक को ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने भी सम्बोधित कर मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा द्वारा नगरीय निकाय चुनाव संचालन समिति में पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा को सदस्य मनोनीत किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। श्री डागा ने निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ताओ से तैयार रहने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल ने किया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य बजरंग पुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, पूर्व नेता पक्ष प्रेम उपाध्याय, मण्डल अध्यक्ष निलेश गांधी, करण चौर्य बडगोत्या, मयुर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी व आदित्य डागा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की प्रदेश सहसंयोजिका अनिता कटारिया सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप ने कार्यकर्ताओं से 4 फरवरी को मुख्यमंत्री श्री चौहान के दौरे को सफल बनाने के साथ-साथ 5 फरवरी को 12 ज्योतिर्लिंग की 12 हजार किलोमीटर पदयात्रा पूर्ण कर रतलाम आ रहे श्री श्री 1008 श्री नर्मदानन्द बापजी के सानिध्य में निकलने वाली सनातन ध्वज यात्रा को भी सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि दोनों दिन बिना थके रतलाम का गौरव बढ़ाने में जुटे रहे।



### 100 से अधिक स्थानों पर होगा स्वागत

बैठक में मण्डल अध्यक्षगण ने अपने-अपने मण्डलों से मुख्यमंत्री श्री चौहान के दौरे के लिए की गई तैयारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज से रतलाम शहर भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान का चौथी बार पद संभालने के बाद प्रथम आगमन पर 100 से अधिक स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। मण्डल अध्यक्षगण ने स्वागत के लिए किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

### मेडिकल कॉलेज की सौगात देने पर काश्यप का अभिनन्दन

अवन्तिका।

कोरोना काल में रतलाम मेडिकल कॉलेज में हर प्रकार की उपचार सुविधा की सौगात मिलने पर भाजपा मण्डल अध्यक्षगण ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनन्दन किया। जिला महामंत्री श्री पोरवाल ने कहा कि रतलाम के मेडिकल कॉलेज से शहर ही नहीं मंदसौर और नीमच सहित अन्य जिलों के रोगियों को भी उपचार की बेहतर सुविधा मिली है। इससे कोरोना की जंग जीतने में रतलाम सफल रहा है।



शहर स्वच्छ
तो हम स्वस्थ

## बदल रहा मेरा शहर...स्वच्छता में बढ़ाएंगे गति

**स्थानः** पावर हाउस रोड

**वॉल पेंटिंग क्याः** डीआरएम के बंगले की बाउंड्रीवॉल पर रेल का इंजन और डिब्बे

**संदेशः स्वच्छता में रतलाम को गति देंगे**

# रतलाम के लिए मुख्यमंत्री का आगमन अतिमहत्वपूर्ण :विधायक काश्यप

## दौरे की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न



रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 4 फरवरी को प्रदेश में फिर भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार रतलाम आ रहे है। उनका यह कार्यक्रम सिर्फ 100 हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराने का नहीं है। इस दौरान वे आगामी 5 साल में रतलाम को नगर से महानगर बनाने की क्या योजना है? युवाओं का भविष्य क्या होगा? नगर में उद्योग व्यवसाय और सुविधाओं के क्या अवसर होंगे? इन सभी विषयों पर विचार रखेंगे।

यह बात विधायक चैतन्य काश्यप ने कही। विधायक जनसम्पर्क कार्यालय में मुख्यमंत्री श्री चौहान के दौरे की तैयारियों को लेकर आयोजित वार्ड स्तर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में श्री काश्यप ने 4 फरवरी के कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्री चौहान दोपहर 12 बजे बाद बंजली हवाई पट्टी पर उतरेंगे। इसके बाद पलसोड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और फिर मेडिकल कॉलेज होते हुए सैलाना रोड से पावर हाऊस रोड, दो बत्ती चौराहा होकर श्री कालिका माता मंदिर जाएंगे। माताजी के दर्शन पश्चात मित्र निवास रोड, फव्वारा चौक होते हुए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुँचेंगे और वहां विभिन्न विभागों द्वारा रतलाम के विकास के लिए 5 सालों में होने वाले कार्यों की कार्ययोजना का प्रेजेंटेशन देखेंगे। दोपहर 1.30 बजे के करीब श्री चौहान डोसीगांव पहुंचेंगे, जहां जनसभा का मुख्य कार्यक्रम होगा।

श्री काश्यप ने कहा कि बीते 5-7 सालों में रतलाम विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हुआ है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के आगमन पर गृह प्रवेश कार्यक्रम के माध्यम से झुग्गी मुक्त रतलाम की कल्पना को साकार करने की शुरूआत होगी। शहर में 450 परिवारों के लिए अर्फोडेबल हाऊस बने है, जिनमें से 140 परिवारों के लोन स्वीकृत होकर मार्जिन मनी जमा की जा चुकी है। प्रति हितग्राही चैतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने मार्जिन मनी के 10 हजार रूपए जमा कराए गए है। एक हितग्राही को 8 लाख का मकान 2 लाख में ही मिलेगा। इसमें भी बैंक से लोन हो रहा है और हितग्राही को मार्जिन मनी के 10 हजार रूपए जमा करने पर आवास सुविधा मिल रही है। श्री काश्यप ने शहर के विकास के लिए 5 साल के रोड मेप में शामिल होने वाले प्रस्तावों पर भी प्रकाश डाला।

बैठक को ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा द्वारा नगरीय निकाय चुनाव संचालन समिति में पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा को सदस्य मनोनीत किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल ने किया।

प्रदेश कार्य समिति सदस्य बजरंग पुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, पूर्व नेता पक्ष प्रेम उपाध्याय, मण्डल अध्यक्ष निलेश गांधी, करण धोर्य बड़गोत्या, मयुर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी व आदित्य डागा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की प्रदेश सहसंयोजिका अनिता कटारिया सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### काश्यप का अभिनन्दन

कोरोना काल में रतलाम मेडिकल कॉलेज में हर प्रकार की उपचार सुविधा की सौगात मिलने पर भाजपा मण्डल अध्यक्षगण ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनन्दन किया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–––पृष्ठ 06 दिनांक 03/02/2021

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर द्वारा बैठक में की गई



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के प्रस्तावित रतलाम भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर श्री गोपालचन्द्र डाड द्वारा बैठक लेकर की गई। बैठक में मुख्यमंत्री आगमन के दृष्टिगत विभिन्न स्थानों पर अधिकारियों की तैनाती, पुलिस व्यवस्था, वाहन व्यवस्था आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में डीआईजी सुशांत सक्सेना, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकद्वय सुनील पाटीदार, इन्द्रजीत बाकलवार तथा व्यवस्था से जुडे सभी अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में डीआईजी श्री सक्सेना ने सुरक्षा व्यवस्था संबंधी बिन्दुओं और दिशा निर्देशों से अधिकारियों को अवगत कराया। आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में पुलिस अधिकारियों को ताकिद की। प्रसारण

# शहर के छह लाख हाथ बनाएंगे, रतलाम को स्वच्छ और सुंदर

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत अलकापुरी में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम के दौरान नगर निगम आयुक्त ने दिलाया शहर के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों को स्वच्छ और सुंदर रतलाम का संकल्प

प्रसारण न्यूज • रतलाम

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने और स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने के तमाम प्रयास नगर निगम प्रशासन निरन्तर करता आ रहा है। अब इसमें नागरिकों की भी भागीदारी बढ़ी है, मगर इस भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाने की जरूरत है। रतलाम में बसने वाले करीब तीन लाख लोगों के छह लाख हाथ जब स्वच्छता के लिए उठेंगे, तो शहर देश में एक अलग मुकाम हॉसिल कर लेगा।



उक्त विचार नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अलकापुरी बगीचे में आयोजित रतलाम स्वच्छता अभियान समिति द्वारा स्वच्छ एवं निरोग अभियान' को मिशन के रूप में चलाए गए शिविर के समापन अवसर पर व्यक्त किए।

आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि शहरवासियों को संकल्प लेना होगा कि हम अपने घर और दुकानों के कचरे को सड़क, नाले व नालियों में नहीं फेंकेंगे। अपने कचरे का निष्पादन कचरा गाड़ियों में ही करेंगे। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायतें रहती है कि वार्डों में कचरा गाड़ियां देरी से आती है या एक दिन छोड़कर आती है, ऐसी शिकायतों के दर्ज करने के लिए एक कंट्रोल रुम तैनात किया जाकर दूरभाष रखा जाएगा, जिस पर नागरिक अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए अपनी समस्या का हल करवा सकते है।

श्री झारिया ने कहा कि शहर की स्वच्छता और सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए अब नागरिकों को पुरजोर तरीके से सहयोग करना होगा, ताकि हमारे रतलाम शहर का नाम देश में नम्बर-1 के मुकाम पर पहुंच सके। इस मौके पर श्री झारिया ने कहा कि अनोखीलाल कटारिया ने कोरोना जैसी महामारी में निःशुल्क दवा देने के लिए शिविर लगाकर लोगों को सेहत के साथ ही स्वच्छता के लिए जागरुक करने के बेहतर काम किया है, इसके लिए यह बधाई के पात्र है।

इस मौके पर स्वच्छता अभियान समिति के अध्यक्ष अनोखीलाल कटारिया ने कहा कि वे शहर की स्वच्छता और सुंदरता को लेकर विगत वर्षों से सक्रिय है और आगे भी नगर निगम के प्रयासों में हम सहभागिता निभाने के लिए तत्पर है। हमारा शहर स्वच्छ रहे और यहां के नागरिक स्वस्थ्य रहे, ऐसे प्रयास समिति हमेशा तत्पर और तैयार है। यहां सफाई मित्र समूह के सदस्यों द्वारा तैयार की गई रांगोली के निकट सभी ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की भी शपथ ली।

प्रारंभ में स्वागत भाषण एवं संस्था का परिचय समिति के राधावल्लभ खंडेलवाल ने दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र लुनेरा, भाजपा के पूर्व पार्षद प्रहलाद पटेल डॉ. रमेश मितल, डॉ. निर्मला डांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, अरुण राव, डॉ. नरेन्द्र मेहता, गोपालसिंह तोमर, अमर वाधवानी, शरद चतुर्वेदी, राधावल्लभ खंडेलवाल, मदन शर्मा, संजय चपलोद, विशाल वर्मा, अनिल कटारिया, सूरजमल टांक, गोपाल टांक सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप मूणत ने किया। आभार समिति के संजय चपलोद ने माना।

प्रसारण

# जल जीवन की 39 जलप्रदाय योजनाओं से 64.51 लाख ग्रामीण आबादी होगी लाभान्वित

## 6091 ग्रामों में 13.36 लाख नल कनेक्शन

प्रसारण न्यूज • रतलाम

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल निगम 39 जलप्रदाय योजनाओं के निर्माण का कार्य कर रहा है, जिसमें 6091 ग्राम शामिल हैं। इन योजनाओं में 13 लाख 36 हजार 366 नल कनेक्शन का प्रावधान है, जिससे 64 लाख 51 हजार 393 ग्रामीण आबादी को लाभ मिलेगा। इन योजनाओं की कुल लागत 2661.64 करोड़ है।

परियोजना क्रियान्वयन इकाई भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, राजगढ़, निवाड़ी, पन्ना, दमोह, सिवनी, शहडोल तथा सतना के अन्तर्गत ग्रामीण आबादी के लिए तैयार हो रही इन 39 जलप्रदाय योजनाओं में विदिशा जिले के 105 ग्राम, रायसेन के 81 ग्राम, सीहोर के 41 ग्राम, खण्डवा के 28 ग्राम, धार के 60 ग्राम, उज्जैन के 22 ग्राम, रतलाम के 14 ग्राम, मुरैना के 22 दतिया के 85 ग्राम, शिवपुरी के 32 ग्राम, जबलपुर के 193 ग्राम, नरसिंहपुर के 50 ग्राम, सिवनी के 783 ग्राम, उमरिया के 113 ग्राम, कटनी के 128 ग्राम, राजगढ़ के 1294 ग्राम, टीकमगढ़ के 226 ग्राम, पन्ना के 276 ग्राम, छतरपुर के 240 ग्राम, दमोह के 702 ग्राम, सागर के 232 ग्राम, सीधी के 31 ग्राम, अनूपपुर के 74 ग्राम, शहडोल के 155 ग्राम, सतना के 1019 ग्राम तथा रीवा जिले के 109 ग्राम शामिल हैं। राज्य सरकार पूरी तत्परता और गम्भीरता के साथ यह प्रयास कर रही है कि शहरों की भांति ग्रामीण आबादी को भी उनकी उपयोगिता के अनुसार घर पर ही नल कनेक्शन के जरिये जल की प्राप्ति हो। राष्ट्रीय जल जीवन मिशन से प्रदेश में इस कार्य को और गति मिली है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम प्रत्येक जिले के हर ग्राम और परिवार तक नल कनेक्शन के माध्यम से जल पहुंचाने की कार्यवाही कर रहा है। जहां जलस्रोत हैं, वहां उन्हीं के उपयोग से और जहां नहीं है वहां जलस्रोत का निर्माण कर जल प्रदाय योजनाएं बनाई जा रही है।

प्रसारण।

# समय-सीमा में करें अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की कार्रवाई - सिंह



नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।

भोपाल ● 2 फरवरी (ए) मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण के संबंध में जरूरी कार्रवाई समय–सीमा में करें। नवगठित 29 नगरीय निकायों में राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन को लागू करने का प्रस्ताव जल्द भेजें। श्री सिंह ने यह निर्देश यहां मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीतेश व्यास और मनीष सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि दीनदयाल रसोई केन्द्रों के संचालन में श्रम और सामाजिक न्याय विभाग को भी जोड़ा जाए।

स्वदेश।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर –पृष्ठ 03 ...दिनांक 03/02/...2021

# डोसीगांव में गृह प्रवेश के बाद नए फ्लैट मालिक के साथ खाना खाएंगे मुख्यमंत्री

भास्कर संवाददाता | रतलाम

डोसीगांव में पीएम आवास योजना में बने पक्के मकानों में शिवशंकर कॉलोनी झुग्गी बस्ती के 101 परिवारों को गृहप्रवेश कराने के बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री उन्हीं में से किसी एक हितग्राही के साथ खाना खाएंगे।

अब तक शिवशंकर कॉलोनी बस्ती के 103 से ज्यादा परिवारों को फ्लैट्स की रजिस्ट्री करा दी गई है। 4 फरवरी के सीएम शिवराज सिंह चौहान के दौरे को लेकर मंगलवार को विधायक चेतन्य काश्यप ने डोसीगांव में सभा स्थल और मंच की व्यवस्था देखी। ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, आयुक्त सोमनाथ झारिया, अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गेहलोत, नगर पुलिस अधीक्षक हेमंत चौहान साथ रहे।

## पुलिस की तैनाती की

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर मंगलवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने अलग-अलग स्थानों पर अधिकारियों के साथ पुलिस बल की तैनाती की। वाहन सहित अन्य व्यवस्था पर बिंदुवार चर्चा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। भास्कर

# पीएम आवास के हितग्राही के घर भोजन करेंगे सीएम

रतलाम। चार फरवरी को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के प्रस्तावित रतलाम दौरे की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। संभावना जताई जा रही है कि डोसीगांव में ही गृह प्रवेश कराने के बाद किसी एक हितग्राही के घर सीएम भोजन करेंगे। डोसीगांव में बने फ्लैट के परिसर में ही डोम तैयार किया जा रहा है। कालिका माता मंदिर पर सीएम दर्शन के लिए आएंगे। इसके चलते वहां सीमेंटेड सड़क पर डामरीकरण कर दिया गया है।

मंगलवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने बैठक लेकर अधिकारियों की तैनाती, पुलिस व्यवस्था, वाहन व्यवस्था आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीआइजी सुशांत सक्सेना, एसपी गौरव तिवारी, एएसपीद्वय सुनील पाटीदार, इंद्रजीत बाकलवार तथा व्यवस्था से जुड़े सभी अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में डीआइजी ने सुरक्षा व्यवस्था संबंधी बिंदुओं और दिशा-निर्देशों से अधिकारियों को अवगत कराया।

**तैयारियां जारी**

- मुख्यमंत्री के कल प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की समीक्षा
- डोसीगांव में बने फ्लैट के परिसर में ही तैयार किया जा रहा डोम

## 622 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 622 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। मंगलवार को जावरा रोड, डी-मार्ट, महावीर नगर से चार मवेशी स्वास्थ्य विभाग के अमले ने पकड़े।

पत्रिका 6

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 12 दिनांक 03/02/2021

# वैक्सीन लगने के बाद महिला स्वास्थ्यकर्मी संक्रमित

**तीसरा मामला**

- 310 रिपोर्ट में 14 नए पॉजिटिव मिले, 70 मरीज एक्टिव
- कोरोना से अब तक 4207 लोग स्वस्थ जबकि 81 की मौत

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। फरवरी के दूसरे दिन मंगलवार को कोरोना की रफ्तार में थोड़ी तेजी रही। 310 रिपोर्ट में 14 नए पॉजिटिव मिले, इसमें कोरोना वैक्सीन लगवा चुकी रेल नगर की एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल है। इससे पहले भी दो स्वास्थ्यकर्मी पॉजिटिव मिल चुके हैं, जिन्हें वैक्सीन लग चुकी है।

मेडिकल कॉलेज लैब की 68 रिपोर्ट से ही नए पॉजिटिव मिले जबकि रैपिड एंटीजन की 242 रिपोर्ट में एक भी पॉजिटिव नहीं मिले। जिले में अब संक्रमितों की संख्या 4358 पहुंच गई है। मंगलवार को 10 नए मरीजों के डिस्चार्ज होने के बाद अब तक 4207 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 81 की मौत हुई। 70 मरीज एक्टिव हैं, जिनका उपचार चल रहा है।

फरवरी के दो दिन में 18 नए मरीज मिले, 15 स्वस्थ हुए और एक मौत हुई है। 24 घंटे में शहर के कलिंग कॉलोनी, जीएमसी परिसर, टाटानगर, वेद व्यास कॉलोनी, बोहरा बाखल चांदनी चौक, देवरा देवनारायण, रेल नगर तथा त्रिपोलिया गेट क्षेत्र से नए मरीज मिले हैं। देवरा देवनारायण क्षेत्र से एक ही परिवार के 6 लोग पॉजिटिव मिले हैं। कोविड 19 के नोडल अधिकारी डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि मंगलवार को जो 14 पॉजिटिव मिले हैं, उसमें एक महिला स्वास्थ्यकर्मी पॉजिटिव आई है। इसके पहले भी दो स्वास्थ्य कर्मी पॉजिटिव आ चुके हैं। डा. बोरीवाल ने बताया कि पहले टीका लगने के बाद पॉजिटिव आने की संभावना रहती है, इसलिए दो टीका लगाने की व्यवस्था है। टीके के बाद भी सावधानी जरूरी है। इसके एक सप्ताह बाद स्वास्थ्य कर्मी पॉजिटिव निकले हैं। बुखार या कोरोना के अन्य लक्षण सामने आने के बाद टेस्ट कराया गया है।

**99.9 प्रतिशत बच्चों को दी गई पोलियोरोधी खुराक**

जिले में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक चले पल्स पोलियो अभियान के तहत तय लक्ष्य पर 99.9 प्रतिशत बच्चों को पोलियों की खुराक दी गई। 2 लाख 11 हजार 80 बच्चों को पोलियों की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके विरुद्ध 2 लाख 10 हजार 868 बच्चों को पोलियों की खुराक दी गई।

नईदुनिया

# दो योजनाओं की स्वीकृत राशि पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के प्रस्तावित रतलाम दौरे पर शासकीय योजनाओं के लोकापर्ण पर कांग्रेस ने सवाल उठाये हैं। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष श्रीमती यास्मीन शैरानी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजीव रावत ने बताया कि मप्र शासन द्वारा पूर्व में अमृत सागर झील संरक्षण योजना के अनुसार पूर्व में शासन द्वारा 34 करोड़ रूपए की राशि आवंटित की गई थी, लेकिन आज दिनांक तक इस योजना पर कोई कार्य नहीं किया गया। वहीं हनुमान ताल सौन्दर्यीकरण योजना के अंतर्गत 5 करोड़ रूपए की राशि शासन द्वारा स्वीकृत व आवंटित की गई थी, लेकिन इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया गया। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा पुनः रतलाम शहर के विकास कार्य की योजनाओं के लोकापर्ण हेतु रतलाम आ रहे हैं। लेकिन 5 वर्षों पूर्व जिन योजनाओं का उनके द्वारा लोकापर्ण किया गया था तथा जो राशि आवंटित की गई थी, उनका क्या हर्ष हुआ यह किसी से छुपा नहीं है। स्वदेश/21

**सड़कों के बीच बने डिवाइडर** से कलेक्टर कार्यालय तक हर जगह चल रहा रंग रोगन-सफाई कार्य

# मुख्यमंत्री चौहान के दौरे के पहले शहर को चमकाने में जुटे जिम्मेदार अधिकारी

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रस्तावित रतलाम दौरे को लेकर पुलिस-प्रशासन और नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी है। 4 फरवरी को दोपहर से लेकर शाम तक वह रतलाम में रहेंगे इस दौरान विजन 2035 को लेकर तैयार किए गए प्रेजेंटेशन को देखने के साथ ही पलसोड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति का अनावरण करने सहित डोसी गांव में प्रधानमंत्री आवास में हितग्राहियों को गृह प्रवेश भी कराएंगे। इतना ही नहीं सीएम शहर में एक आम व्यक्ति के घर में भोजन भी करेंगे।

मुख्यमंत्री के नगर आगमन को लेकर सड़कों की साफ-सफाई होने के साथ ही सिटी फोरलेन के बीच बने डिवाइडर पर रंग रोगन करने के साथ ही कलेक्टर कार्यालय को भी आगे से चमकाया जा रहा है। दरअसल सीएम कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेंगे और अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए प्रेजेंटेशन को भी देखेंगे। इन्हीं सब बातों को लेकर मंगलवार की शाम कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड के द्वारा सभी अधिकारियों को बुलाकर बैठक भी ली गई।

## सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा

वही दूसरी और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के रतलाम दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। बंजली हवाई पट्टी के साथ ही पलसोड़ा गांव और कालिका माता परिसर में अधिकारी पहुंचे और आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दरअसल सीएम पहली बार रतलाम के श्री कालिका माता मंदिर में माता के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद रतलाम में यह पहला दौरा है।

## होमगार्ड कॉलोनी में भी चल रही तैयारी

मुख्यमंत्री के रतलाम के होमगार्ड कॉलोनी में हितग्राही के घर में भोजन करने की भी संभावना जताई जा रही है क्षेत्र में बने तीन प्रधानमंत्री आवास में रहने वाले परिवार के लोग तैयारी में जुटे हैं। दरअसल सीएम उनके घर खाना खाने आ सकते हैं इसलिए वे लोग भी उनके स्वागत सत्कार को लेकर तैयारी में जुटे नजर आ रहे हैं। दरअसल सीएम जिस मार्ग से गुजरेंगे हुए सभी मार्ग पूरी तरह से दुरुस्त कर दिए गए हैं।

## निरीक्षण किया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के डोसीगांव स्थित कार्यक्रम स्थल पर मंगलवार को शहर विधायक चेतन्य काश्यप के साथ नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सभा स्थल का निरीक्षण किया गया।







पत्रिका